कालीन बस्तर कपड़े का विकास किया गया है जो संश्लिष्ट स्थानापन्न वस्तुओं से कीमत-वार प्रतियोगी बन गया है और मिलों के इस कम वजन वाले फैब्रिक को, जिसकी बाजार संभावना उत्साहवर्धक प्रतीत होती है, तैयार करने की सलाह दी गई है। इसके अलावा, पटसन माल के निर्यात के लिए नकद प्रतिपूर्ति सहायता देने का प्रश्न सरकार के विचाराधीन है।

**बस्तर (म. प्र.) के पेल्लेटीसेशन संयंत्र को कर्नाटक कुद्रेमुख को स्थानांतरित किया जाना**

1852. **श्री दिलीप सिंह भूरिया :** क्या इस्पात और खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मध्य प्रदेश सरकार ने राष्ट्रीय खनिज निगम के इस आशय के प्रस्ताव कि बस्तर (म. प्र.) के प्रस्तावित पेल्लेटीसेशन संयंत्र को कर्नाटक में कुद्रेमुख को स्थानांतरित कर दिया जाए, स्वीकार कर लिया है;

(ख) क्या यह सच है कि बस्तर जिले में बैला डिला खानों के लौह अयस्क को न तो जापान को ही निर्यात किया जा रहा है और न ही इसके टुकड़ों (स्क्रेप) को अब बस्तर की खानों में इस्तेमाल किया जाना सम्भव है;

(ग) क्या इस से बस्तर के आदिवासी तथा पिछड़े जिलों की औद्योगिक सम्भावनाओं को क्षति पहुंचेगी और बस्तर के आदिवासियों के बीच बेरोजगारी की समस्या उत्पन्न हो जाएगी; और

(घ) मध्य प्रदेश सरकार ने किन परिस्थितियों में इस पेल्लेटीसेशन संयंत्र को कर्नाटक राज्य को स्थानांतरित किए जाने के निर्णय पर सहमति दी थी ?

**वाणिज्य तथा इस्पात और खान मंत्री (श्री प्रणव मुखर्जी) :** (क) बैला डिला, बस्तर (मध्य प्रदेश) और मंगलौर (कर्नाटक) में पैलेट बनाने के कारखानों के प्रस्ताव एक दूसरे से बिलकुल अलग-अलग हैं। इस लिए परियोजना को एक राज्य से दूसरे राज्य को स्थानांतरित करने अथवा मध्य प्रदेश सरकार के ऐसे स्थानांतरण के लिए सहमत होने का प्रश्न ही नहीं उठता।

(ख) जी, नहीं बैला डिला की खानों से जापान को लौह अयस्क का निर्यात पिछले कई वर्षों से किया जा रहा है।

(ग) और (घ) : प्रश्न नहीं उठते।

**Setting up of National Franchising Corporation**

1853. SHRI CHINTAMANI PANIGRAHI: Will the Minister of COMMERCE be pleased to state:

(a) whether Government are considering to set up a National Franchising Corporation; and

(b) if so, the details thereof?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF COMMERCE (SHRI KHURSHEED ALAH KHAN): (a) No, Sir.

(b) Does not arise.

**Import of Iron and Steel Materials**

1854. SHRI SUBODH SEN: Will the Minister of STEEL AND MINES be pleased to state:

(a) whether Government are planning to import 1.75 lakh tonnes of iron and steel materials during 1981-82;

(b) if so, what would be the price of that steel; and

(c) whether Government propose to allot the entire imported stock to the large scale and medium scale sector and that from domestic sources supplied to the State Small Industries Corporations?

THE MINISTER OF COMMERCE AND STEEL AND MINES (SHRI PRANAB MUKHERJEE): (a) The current import policy provides for import of some categories directly by

Actual Users and some others are canalised. The quantities to be impor-ted are likely to be substantially higher than 1.75 lakh tonnes.

(b) The price would depend on various factors like the category involved, the specification, the time of import, the source of import etc.

(c) No, Sir.

**Recruitment in National Alumina Company (Orissa)**

1855. SHRI K. PRADHANI: Will the Minister of STEEL AND MINES be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the recruitment of Staff has been started in the National Aluminium Company, (Orissa);

(b) if so, the details regarding the number of staff recruited so far, category-wise;

(c) whether Government have adopted the policy as per rule to give preference while recruiting the local condidates for job carrying basic pay up to Rs. 800/- p.m. and below; and

(d) if so, the details thereof?

THE MINISTER OF COMMERCE, STEEL AND MINES (SHRI PRANAB MUKHERJEE): (a) and (b). For initial manning, the National Aluminium Company Limited (NALCO) has recruited the following staff mostly on transfer/deputation from the Bharat Aluminium Company Limited other public sector undertakig or the Orissa Government:—

| | |
|---|---|
| Officers | 46 |
| Regular Staff (Non-executives) | 39 |
| Total | 85 |

Regular recruitment of officers and staff for the company is under processing.

(c) and (d). The policy of the Government in regard to recruitment in public sector enterprises is that posts carrying pay scales, the maximum of which is less than Rs. 800/- p.m., should be made only though the National Employment Services and other sources can be tapped only if the Employment Exchanges issue a non-availability certificate.

**पाकिस्तानी तस्करों की गिरफ्तारी**

1856. श्री राम प्यारे पनिका : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि जून के महीने में सीमा पार करते हुए कुछ पाकिस्तानी तस्करों को गिरफ्तार किया गया था;

(ख) यदि हां, तो ऐसे तस्करों की संख्या क्या है तथा क्या सरकार ने उनके विरुद्ध अब तक कोई कार्यवाही की है; और

(ग) यदि हां, तो उन के विरुद्ध क्या कार्यवाही की गई और यदि नहीं तो उसके क्या कारण है ?

**वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सवाई सिंह सिसोदिया)** : (क) जी, हां ।

(ख) तथा (ग) . सरकार को मिली रिपोर्टों के मुताबिक सीमाशुल्क अधिकारियों ने जून 1981 में एक पाकिस्तानी राष्ट्रिक को उस समय गिरफ्तार किया जब वह लगभग 6,675 रु. के कुल मूल्य के सोने के तीन सिक्कों एवं कलाई की छः घड़ियों को भारत-पाक सीमा के पार अपने देश में चोरी-छिपे ले जाने का प्रयास कर रहा था ।

सीमाशुल्क अधिनियम 1962 के तहत न्यायनिर्णयन कार्यवाही में माल को जब्त कर लिया गया और उस पाकिस्तानी राष्ट्रिक पर 1,000 रु. का स्वीय अर्थ-दण्ड लगाया गया ।